हिंदी पखवाड़ा रिपोर्ट
दिनांक 14/09/26-30/09/26

राँची क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 14/09/26 से दिनांक 30/09/26 तक हिंदी पखवाड़ा का सफलतापूर्वक आयोजन श्री संदीप कुमार सिंह, क्षेत्रीय खान नियंत्रक के दिशा-निर्देश में किया गया। दिनांक 14/09/26 को हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन, मुख्यालय आदेशानुसार इस कार्यालय में संपन्न नही हुआ।

पखवाड़ा आयोजन के तहत श्री विकास कुमार, वरिष्ट खान नियंत्रक/ हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा हिंदी प्रतियोगिता का कार्य सूचि के बारे में विवरण दिया गया एवं सभी कार्मिकों से अपील किया गया कि कार्यक्रम में भाग लेकर पखवाड़ा को सफल बनाएं।

पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण आलेखन, हिन्दी टंकण, पत्र लेखन, शब्द लेखन, हिन्दी सुलेख, हिन्दी भाषण एवं प्रश्न मंच आदि प्रमुख हैं। जो कि क्षेत्रीय खान नियंत्रक महोदय की निगरानी में संचालन अधिकारी द्वारा संपन्न कराया गया।

पखवाडा का समापन दिनांक 30/09/26 को क्षेत्रीय खनन भूविज्ञानी के अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्री फिलिप हपड़गड़ा, क्षेत्रीय खनन भूविज्ञानी द्वारा कार्मिकों से अपने अनुभव तथा जानकारी को साझा करने की बात कही गई उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के सफलता के लिए कार्मिकों को बधाई दी। फिर विकास कुमार वरिष्ठ खान नियंत्रक/हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा राजभाषा हिंदी की महत्ता/अनिवार्यता एवं हिन्दी के बढ़ावा के कई उदाहरण प्रस्तुत किया गया। अंत में कार्यालय कार्यालय 'क' क्षेत्र में स्थित है। अतः हिदी के 100 प्रतिशत के साथ कार्य हिंदी के सरल भाषा में किया जा रहा है इसे आगे करने का आग्रह करके अपना वाकत्व समाप्त किया। तत्पश्चात पखवाडा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों के बीच उचित पुरस्कार वितरित किया गया।

समापन समारोह का आयोजन व संचालन श्री अन्तोष कुमार उच्च श्रेणी लिपिक द्वारा किया गया।

संलग्न : कार्यक्रम विवरण फोटोग्राफ

(संदीप कुमार सिंह)
क्षेत्रीय खान नियंत्रक
भारतीय खान ब्यूरो


भारतीय खान ब्यूरो
हिन्दी पखवाड़ा 2026


भारत सरकार
खान मंत्रालय
30 सितंबर 2026